केनरा बैंक Canara Bank

# केनरा बैंक

प्रधान कार्यालय, बेंगलूर

# द्विस्तरीय बोली प्रणाली

# के तहत

# परिसर को किराए पर देने के लिए

# प्रस्तुत दस्तावेज

<u>द्वारा जारी</u>

परिसर एवं सम्पदा अनुभाग
अंचल कार्यालय
17-18, सेक्टर-12,
करनाल 132001

टेलीफोनः 0184 – 4063657, 8572800777
फैक्स न. 0184 - 4063657
ई-मेलः pecokar@canarabank.com

केनरा बैंक Canara Bank

हमारी सिरसा मुख्य शाखा – **नजदीक अम्बेडकर चौक** वैकल्पिक परिसर में स्थानांतरित करने के लिए वाणिज्यिक **परिसर** के मालिकों से **द्विस्तरीय** बोली प्रणाली के तहत प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। शाखा के लिये भूमि तल एवं आवश्यक पावर लोड के साथ बैंक के लिए तैयार स्थान  चाहिए |

प्रस्तावित दस्तावेज निम्नलिखित है :

तकनीकी बोली:

(i) प्रस्ताव आमंत्रित सूचना
(ii) प्रस्तावकर्ताओं को निर्देश
(iii) नियम एवं शर्तें
(iv) कार्पेट एरिया परिभाषा
(v) स्ट्रांग रूम विनिर्देश

वित्तीय बोलीः

प्रस्तुत परिसर की दर/ किराया का विवरण

विधिवत सभी पृष्ठों पर प्रस्तावक द्वारा हस्ताक्षरित सभी उपरोक्त दस्तावेजों को बैंक को प्रस्तुत किया जाना है।

***************

# <u>प्रस्तावित परिसर को किराये पर लेने हेतु ऑफर आमंत्रित सूचना</u>

परिसर एवं सम्पदा अनुभाग
अंचल कार्यालय
**17-18, सेक्टर-12,**
**करनाल 132001**

टेलीफोनः **0184 - 4063657, 8572800777**
फैक्स न. **0184 - 4063657**
ई-मेलः **pecokar@canarabank.com**

केनरा बैंक का व्यक्ति/फर्म से पट्टे/किराये के आधार पर वाणिज्यिक परिसर लेने का प्रयोजन है द्विस्तरीय बोली प्रणाली के तहत ऑफर आमंत्रित करते हैं जिसका विवरण निम्न हैं।

1. **आवश्यकताएँ:**

| **स्थान्** | **कैटगरी** | **आवश्यक क्षेत्र (कारपेटके आधार पर)** | **टिप्पणियाँ** |
|---|---|---|---|
| सिरसा मुख्य शाखा – नजदीक अम्बेडकर चौक | शहरी | 2000-2200 वर्ग फुट | क) भूतल के परिसर को वरीयता।<br>ख) परिसर में पर्याप्त पार्किंग होनी चाहिए ।<br>ग) आवश्यक पावर लोड 35-40 किलोवाट होना है (आवश्यकतानुसार)<br>घ) स्ट्रांग रूम रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशो के अनुसार न्यूनतम 250-300 वर्ग फुट क्षेत्र मे बोलीदाता के दवारा बनाया जायेगा । |

2. भावी प्रस्तावकर्ताओं से अनुरोध है कि उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु प्रस्तावित दस्तावेज उपरोक्त कार्यालय पते से प्राप्त कर सकते है या हमारी वेबसाइट **www.canarabank.com** से भी डाउनलोड कर सकते है.

3. प्रस्ताव विधिवतरूप से भरा हुआ हो (और उसके उपर) एक सील बन्द लिफाफे में **"परिसर को किराये पर लेने हेतु प्रस्ताव''** लिखा होना चाहिए (जिस स्थान के लिए प्रस्ताव दिया गया है उस स्थान, क्षेत्र का उल्लेख करें) उपरोक्त पते पर दिनांक **25.10.2022** को **सांय** 3.00 बजे तक परिसर एवं सम्पदा अनुभाग, अंचल कार्यालय में प्रस्ताव जमा करवा सकते है। प्रस्तुतकर्ता यदि एक से ज्यादा स्थान के लिए आवेदन जमा करता है तो अलग-अलग स्थान के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करें।

4. तकनीकी बोली उसी दिन **25.10.2022 सांय 3.00** बजे उपरोक्त कार्यालय में बोली दाताओं के सामने या अधिकृत प्रतिनिधियों (जिनको बोली दाता द्वारा चुना गया) के सामने खोली जाएगी।
दलाल या मध्यस्थ के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । केनरा बैंक बिना किसी कारण बताए किसी भी प्रस्ताव या सभी प्रस्ताव को पूर्ण/ आंशिक तौर पर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

**बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**

## प्रस्तावकर्ताओं को निर्देश

1. आमंत्रित प्रस्ताव सूचना, प्रस्तावकर्ताओं को निर्देश, नियम और शर्तें, प्रस्तावित परिसर का तकनीकी विवरण, कार्पेट क्षेत्र परिभाषा, स्ट्रांग रुम विनिर्देश एव वित्तीय बोली प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव में शामिल होगी ।
2. प्रस्ताव द्विस्तरीय बोली प्रणाली में प्रस्तुत किया जाना है जैसे तकनीकी बोली और वित्तीय बोली।
3. तकनीकी बोली में सभी आवश्यक जानकरी प्रश्नावली के रुप में होनी चाहिए और उसमें सम्पत्ति संबंधी जानकारी भी होनी चाहिए जैसे कि प्रस्तावक का नाम और पता, क्षेत्रफल, प्लाट का स्थान,पूर्ण रुप से मंजूर योजना की प्रति/व्यवसाय प्रमाण पत्र, पट्टे पर दिया जाने वाला फ्लोर क्षेत्र, आंतरिक समापन का वर्णन, सुविधाएँ, अधिकृत बिजली पावर लोड, सम्पत्ति के प्रयोग, स्वामित्व की पुष्टि की शीर्षक रिपोर्ट और स्पष्ट विक्रेयता का वर्णन और परिसर को किराये पर लेने के लिए अन्य उचित नियम और शर्ते (कीमत के अलावा) तकनीकी बोली सीलबन्दे लिफाफे में प्रस्तुत की जानी है (चिहिंत लिफाफा-1) जिसके ऊपर (---------------------- स्थान क्षेत्र) केनरा बैंक शाखा/ कार्यालय के लिए परिसर को किराये पर लेने हेतु तकनीकी बोली लिखा जाना है । प्रस्तावक का नाम और पता बिना चूके लिफाफे पर लिखा जाना है ।
4. वित्तीय बोली में केवल वित्तीय विवरण होना चाहिए जैसे कि कार्पेट एरिया के आधार पर प्रति वर्ग मी. किराया/मूल्य और अन्य वित्तीय निहितार्थ । वित्तीय बोली सीलबन्दे लिफाफे में प्रस्तुत किया जाना है (चिहिंत लिफाफा-2) जिसके ऊपर (-------------------------------स्थान, क्षेत्र) केनरा बैंक शाखा/कार्यालय के लिए परिसर किराये पर लेने हेतु वित्तीय बोली । प्रस्तावक का नाम और पता बिना चूके लिफाफे पर लिखा जाना है ।
5. दोनो बन्द लिफाफे एक बडे सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत किए जाने है जिसके ऊपर .......................स्थान क्षेत्र) हेतु परिसर को किराये पर लेने हेतु आमंत्रण सूचना लिखा जाना है और ऑफर आंमत्रित सूचना में दिए गए पते पर अंतिम तिथि तक एव समय से पूर्व प्रस्तुत किया जाना है ।
6. निर्धारित तिथि और समय के बाद प्रस्तुत प्रस्ताव पर डाक देरी या किसी कारण से हुई देरी, की वजह से प्रस्ताव पर विचार नही किया जाएगा और उसे विलम्ब से प्राप्त हुआ माना जाएगा ।

7. निम्नलिखित दस्तावेज की प्रतियां तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत की जाएं जिसका विवरण निम्न के रुप में प्रस्तुत किया जाए ।

क. तल योजना का एक सेट, अनुभागो , परिसर का बाहरी नक्शा एवं साइट योजना का विवरण हो जैसे कि मुख्य प्रवेश सड्क, दोनो तरफ सड्क, एवं सड्क के किसी भी तरफ की चौड़ाई और आसपास की सम्पत्ति इत्यादि ।

ख. जांच के अधिकार की प्रतिलिपि और टाइटल डीड की प्रतियों के साथ अंवेषण रिपोर्ट ।

ग. सक्षम प्राधिकारी से गैर कृषि प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग के रुपांतरण से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें ।

8. प्रस्ताव दस्तावेज का सभी कॉलम विधिवत भरा होना चाहिए और कोई भी कॉलम खाली नही होना चाहिए। प्रस्ताव पत्र के सभी पृष्ठों पर प्रस्तावकर्ता/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर होने चाहिए। संयुक्त स्वामित्व के मामले में, सभी संयुक्त मालिकों द्वारा (तकनीकी बोली वित्तीय बोली) के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर होने चाहिए। किसी अक्षर के ऊपर दोबारा लिखना या स्फेदी स्याही का उपयोग होने पर प्रस्तावकर्ता द्वारा विधिवत प्रमाणित होना चाहिए। अधूरा या गलत सूचना के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

9. प्रस्तावित दस्तावेज में स्थान अगर अपर्याप्त पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में प्रस्तावकर्ता को अलग से सीट संलग्न करना है ।

10. प्रस्तुत प्रस्ताव प्रस्तावित दस्तावेज में निर्दिष्ट शर्तें/ नियमों के अनुपालन स्वरूप होना चाहिए। यद्यपि, विनिर्दिष्ट नियम/शतें के अलवा आपका कोई अन्य मत है तो एक अलग सीट में अलग से प्रस्तुत किया जाए । बैंक बिना कोई कारण बताए आपके किसी मत को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखता है ।

11. एक से अधिक सम्पति के प्रस्ताव हेतु प्रत्येक सम्पति का अलग से प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

12. i) हमारे उपरोक्त कार्यालय में प्रस्तावक की उपस्थिति में प्रस्ताव आमंत्रित सूचना में निर्धारित तिथि एवं समय पर तकनीकी बोली खोली जाएगी। प्रस्तावक को उनके हित के लिए सलाह दी जाती है निश्चित तारीख को निर्धारित समय पर पहुंचे ।

ii) बैंक द्वारा प्रस्ताविक शॉर्ट लिस्टड प्रस्तावकर्ताओं को लिखित रूप में सूचित किया जाएगा तथा प्रस्तुत परिसर के स्थान का निरिक्षण किया जाएगा ।

iii) साइट का दौरा करने के बाद तकनीकी बोली का मूल्यांकन विभिन्न मानको के आधार पर किया जाएगा जैसे स्थान, उपलब्ध सुविधाएं, विशिष्टता, आसपास का परिवेश जल जमाव/बाढ़ आदि, भवन निमार्ण की गुणवता, परिसर की आंतरिक लेआउट की प्रभावकारिता और बिल्डिंग में परिसर का लेआउट आदि और वित्तीय बोली खोलने के लिए उपयुक्त प्रस्ताव को शार्टलिस्ट/चुनाव किया जाएगा ।

13. किसी भी रुप में किया गया प्रचार प्रस्तावक को प्रस्ताव से बाहर कर देगा|

14. तकनीकी बोली खोलने की तारीख से ''तीन महीने'' की न्यूनतम अवधि के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव विचार के लिए खुला रहेगा।

## 15. शॉर्ट लिस्ट प्रस्ताव के मूल्यांकन का तरीका

चुने प्रस्तावकर्ताओं की बोलियों को निम्न वेटेज विवरण के अनुसार तकनीकी वाणिज्यिक आधार पर मूल्यांकन दिया गया है।

क. तकनीकी मूल्यांकन - 60%

ख. वित्तीय मूल्यांकन - 40%

शार्टलिस्ट परिसर की तकनीकी बोली का मूल्यांकन निम्नलिखित मानकों और वेटेज के साथ किया जाएगा और रेटिंग का निर्णय किया जाएगा ।

शार्टलिस्ट परिसर के लिये वित्तीय बोली खोली जाएगी और 40% वेटेज के लिये मूल्याकंन किया जाएगा। वित्तीय बोली की न्यूनतम बोली बेंचमार्क मानी जाएगी और 100% अंक दिए जाएंगे (अर्थात 40 अंक) । अन्य प्रस्तावों के लिए अंक उनके द्वारा बताई दर के अनुपात में आवंटित अंकों के आधार पर दिए जाएँगे।

प्रस्ताव की अंतिम रैंकिंग तकनीकी मूल्यांकन और वित्तीय मूल्यांकन में प्राप्त कुल अंकों के अनुसार की जाएगी। उदाहरणात्मक उदाहरण निम्न के रूप में प्रस्तुत है।

| प्रस्तावकर्ता | तकनीकी मूल्यांकन के लिए अंक (60 अंक) | वित्तीय बोली में बताई प्रति वर्गफूट दर | वित्तीय मूल्यांकन के लिए अंक (40 अंक) | कुल अंक और स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5=(2+4) |
| क. | 55.00 | 50.00 | 36.00 | 91.00–उच्चतम स्कोर |
| ख. | 33.00 | 45.00 | 40.00 | 73.00 |
| ग. | 37.00 | 55.00 | 32.73 | 69.73 |
| घ. | 56.00 | 52.00 | 34.61 | 90.61 |

16. प्रस्तावकर्ताओं से अनुरोध है कि वह वित्तीय बोली में न्यून्तम संभव बोली जमा करें । उसके पश्चात् एल–1 के साथ उपरोक्त विवरण के अनुसार बातचीत/विचार विमर्श किया जाएगा।
17. प्रस्ताव केवल निर्धारित प्रारुप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रस्ताव निर्धारित प्रारुप में प्रस्तुत न करने पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। प्रस्तावकर्ता दस्तावेजों में दी जानकारी के अनुसार ''कार्पेट एरिया परिभाषा" और ''स्ट्रांग रूम" विनिर्देशों को ध्यान से समझने के बाद ही किराये की बोली के लिए अनुरोध करें।
18. केनरा बैंक बिना कारण बताए किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार रखता है या प्रस्ताव पर व्यक्तिगत निर्णय ले सकता है और न्यूनतम बोली को भी स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

स्थानः मुहर के साथ प्रस्तावक के हस्ताक्षर

दिनांकः

## नियम और शर्ते

1. सम्पत्ति अनुकूल वातावरण के साथ अच्छे वाणिज्यिक स्थान और सार्वजनिक सुविधाओं जैसे बस स्टॉप, बैंक, बाजार अस्पताल स्कूल आदि के निकट स्थित होनी चाहिए ।
2. परिसर के अंदर और आसपास के क्षेत्र में किसी भी जगह पानी का जमाव नहीं होना चाहिए ।
3. प्रस्तावक बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों के वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की जगह उपलब्ध कराए । परिसर के सामने का हिस्सा एवं प्रवेश उचित होना चाहिए ।
4. व्यवसाय के लिए तैयार परिसर को प्राथमिकता दी जाएगी । ऐसे परिसर के मालिक को बैंक द्वारा अपेक्षित विधिवत् स्ट्रांग रूम और अन्य सिविल/इलेकिट्रकल निर्माण को पूरा करके प्रस्ताव की स्वीकृति के दो महीने के भीतर परिसर का अधिकार सौंपना होगा ।
5. पुरा प्रस्तावित क्षेत्र एक ही मंजिल पर और बेहतर होगा यदि ग्राउंड फ्लोर पर ही उपलब्ध हो । प्रस्तावित परिसर ग्राउंड फ्लोर+मध्यतल या ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल आदि में विभाजित हो तो इस मामले में दोनों मंजिल एक आंतरिक सीढ़ी से परस्पर जुडे होनी चाहिए और बैंक के अनन्य उपयोग के लिए सीढ़ी उपलब्ध होनी चाहिए तथा उसका अधिकार बैंक के पास होना चाहिए ।
6. परिसर विशेषतः फ्रीहोल्ड किया जाएगा । अगर यह पट्टे पर दिया है तो पट्टे की अवधि के बारे में जानकारी पट्टा समझौते की प्रतिलिपि, प्रारंभिक प्रीमियम और आगामी किराया प्रस्तुत किया जाए । उप-पट्टे को मुनासिब प्रमाणित किया जाएगा शीर्षक रिपोर्ट स्वामित्व सिद् द करेगा और स्पष्ट विक्रेयता संलग्न किया जाना है ।
7. परिसर के लिए पट्टा समझौता मालिक के साथ पूरा किया जाएगा ।
8. 5 साल में दूसरी ब्लॉक के लिए किराए में वृद्धि के साथ पट्टे की न्यूनतम अवधि 10 वर्ष होगी (10% से 15%) बैंक से परिसर खाली करवाने के संदर्भ में न्यूनतम नोटिस अवधि 3 महीने होगी ।
9. किराए का भुगतान केवल कार्पेट एरिया के आधार पर किया जाएगा । बैंक के द्वारा परिभाषित कार्पेट क्षेत्र के अनुसार उचित माप के बाद कार्पेट एरिया का निर्धारण किया जाएगा ।
10. मौलिक किराए में वर्तमान और भविष्य के सभी कर/उपकर तथा गृह कर, सम्पत्ति कर और नगर निगम कर को भी किराए में ही शामिल किया जाएगा । रखरखाव शुल्क और सेवा शुल्क जैसे संस्था शुल्क आदि को भी शामिल किया

जाएगा । परिसर का अधिकार ग्रहण करने की तिथि से किराए का भुगतान किया जाएगा । मासिक पट्टा किराए के अतिरिक्त कोई भुगतान नहीं किया जाएगा । यदि प्रस्ताव कर्ता किसी भी प्रकार के करों/शुल्क आदि में वहन करने के लिए सहमत नही है तो इसका स्पष्ट रूप से प्रस्ताव में उल्लेख किया जाए ।

11. किराए के भुगतान पर लागू दर के अनुसार GST बैंक द्वारा वहन किया जाएगा।
12. बैंक प्रस्तुत परिसर के अन्दर अपना ऑन-साइट एटीएम स्थापित कर सकता है । एटीएम के लिए अतिरिक्त किराए का भुगतान नहीं किया जाएगा । दूसरे शब्दों में देय किराया संयोजित शाखा क्षेत्र और एटीएम क्षेत्र के आधार पर निर्धारित किया जाएगा । बैंक के आर्किटेक्ट की रूपरेखा के अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र के अन्दर एटीएम के निर्माण का खर्चो प्रस्तावकर्ता के स्वयं के खर्चों में शामिल होगा ।
13. प्रस्तावकर्ता स्वतंत्र मीटर के साथ अपने स्वयं के खर्च पर आवश्यक पावर लोड प्रदान करना सुनिश्चित करें । भू-स्वामी द्वारा उर्जा मीटर उपलब्ध कराया जाएगा बैंक के द्वारा केवल उपभोक्ता शुल्क का भुगतान किया जाएगा ।
14. परिसर के लिए आवश्यक क्षमता के साथ भुमिगत टैंक/ऑवर हैड टैंक और पंप के साथ पर्याप्त और निरंतर पानी की आपूर्ति – प्राथमिकताः नगर निगम के पानी की आपूर्ति की व्यवस्था हो । नगर निगम के पानी की आपूर्ति नही है तो, इस मामले में वैकल्पिक पीने योग्य पानी का स्त्रोत उपलब्ध कराया जाएगा, बैंक केवल वास्तिवक खपत के शुल्क को वहन करेगा।
15. परिसर व्यवसायिक होना चाहिए तथा व्यवसायिक होने का प्रमाण पत्र टेन्डर दस्तावेजो के साथ सन्लगन होना चाहिए।
16. एन.ओ.सी हुडा/नगर परिषद/ नगर निगम/ डिस्टरिक टाऊन प्लानिग से प्राप्त होनी चाहिए तथा टेन्डर दस्तावेजो के साथ सन्लग्न हो ।
17. प्रस्तावकर्ता अपने खर्च पर ए.टी.एम रूम, यु.पी.एस रूम, रिकॉर्ड रूम तथा महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग अलग शौचालय प्रदान करेगा ।
18. पट्टे की अवधि के दौरान आवश्यकता के अनुसार परिसर की मरम्मत और रखरखाव का कार्य और बिल्डिंग को किराये योग्य एवं रिसाव प्रूफ/वाटर प्रूफ बनाना भूस्वामी का कार्य होगा । परिसर में पेंट का कार्य 3-5 साल में एक बार किया जाना है ।
19. किरायेदारी की अवधि के दौरान यदि बैंक अपनी कीमत पर परिसर में कोई परिवर्तन करना चाहता है तो प्रस्तावक मौजूदा पट्टा नियम और शर्तों के अनुरूप परमिट करेगा ।
20. पंजीकरण और स्टाप ड्यूटी का शुल्क भूस्वामी और बैंक के बीच 50:50 के अनुपात में साझा किया जाएगा ।
21. आवश्यकता पड़ने पर पट्टाकर्ता स्वयं अपने खर्च पर आयकर और सांविधिक मंजूरी प्राप्त करेगा।
22. किराये भुगतान पर मौजूदा दर के अनुसार (टीडीएस) आयकर में कटौती दी जाएगी ।
23. प्रस्तावक अपनी कीमत पर उपलब्ध करवाएं।
    (क) बाहरी प्रवेश के लिए फूल आकार का कॉल्पसिबल (खुलने और बांधने वाला) दरवाजा
    (ख) सेन्ट्रल लॉकिंग व्यवस्था के साथ बाहरी प्रवेश द्वार के लिए रोलिंग शटर ।
    (ग) सभी खिड़कियों, वेंटिलेटर और इस प्रकार के अन्य खुले स्थान के लिए एम एस ग्रिल्स होनी चाहिए ।
    (घ) भवन का निमार्ण प्रासंगिक आई एस कोड के अनुरूप और भूकंपरोधी होगा ।
    (ड.) बैंक के साइन बोर्ड, वी सैट, डी जी सैट/इन्वर्टर/सौर पैनल के लिए उचित पर्याप्त स्थान की व्यवस्था।
    (च) ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में अच्छी गुणवतां वाली सिरेमिक टाइल फर्श और शहरी और महानगरीय क्षेत्रों में विटरीफाइड फर्श होने चाहिए । 5 फूट सिरेमिक टाइल डेडो के साथ शौचालय में फिसलन रहित सिरेमिक टाइल फर्श होने चाहिए ।
    (छ) सभी सैनिटरी फिटिंग और शौचालय एक्सेसरीज जैसे कमोड,युराइनल, वॉश बेसिन, और नल आदि मानक गुणवता के होने चाहिए ।
    (ज) बिजली वितरण प्रणाली (भारतीय विद्युत अधिनियम और स्थानीय बिजली बोर्ड के नियमों और विनियमों के अनुरूप) लाइट प्वाइंट, पावर प्वाइंट डिस्ट्रिब्युशन बोर्ड और अच्छी गुणवता वाली अर्थिंग सहित हो।
    (झ) बैंक के विनेर्देशों के अनुसार जहां आवश्यकता हो सुरक्षा के उद्देश्य से अपेक्षित संख्या में पक्का मोर्चा प्रदान किया जाए ।

प्रस्तावक के हस्ताक्षर

स्थानः

तिथिः

<u>परिभाषित कार्पेट एरिया</u>

किसी भी मंजिल का कार्पेट क्षेत्र वह क्षेत्र होगा जो इमारत के निम्नलिखित भागों को छोड़कर होगा ।

1. प्रसाधन (पुरुष एव महिला)
2. आम बरामदा, मार्ग, गलियारा
3. ऑपन बालकनी
4. कॉमन एंट्रेस हॉल
5. आम या विशेष कार पोर्च
6. आम सीढ़ी और मोम्टी
7. अच्छी तरह से लिफ्ट और शाफ्ट
8. आम गैरेज/ पार्किंग जो सभी के लिए आम हो
9. आम कैंटीन क्षेत्र
10. एयर कंडीशनिंग नलिकाएं और आम एसी संयंत्र कमरे
11. पम्प हाउस क्षेत्र
12. दीवारों तथा स्तम्भो से अधिकृत स्थान
13. अन्य कोई क्षेत्र जो सभी किराएदारों के लिए आम है ।

मैं / हम उपरोक्त मदों के तहत अंतर्गत क्षेत्र को छोड़ने के लिए सहमत हूं और संयुक्त माप के बाद कारपेट क्षेत्र के आधार पर किराया और उचित अग्रिम किराया स्वीकार करने को तैयार हूं ।

स्थानः

दिनांकः                                                            प्रस्तावक के हस्ताक्षर